# जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

RNI No.-MPHIN/2001/14172

AZAD हिन्दुस्तान LIVE

वर्ष-23 अंक- 09 | इन्दौर/खरगोन/बड़वाह | 28 फरवरी से 06 मार्च 2023 | सम्पादक : नवरत्नमल जैन | Email.azadindore@gmail.com | पेज-4 | वार्षिक मूल्य- 150 रु.


**कांग्रेस में जिम्मेदारी का नया सूत्रपात**



## बड़वाह कांग्रेस की कमान फिर से श्री यादव समर्थकों के हाथों में

# कांग्रेस ने नीलेश रोकड़िया एवं आशीष चौधरी को ब्लॉक अध्यक्ष बनाकर बिछाई चुनावी बिसात

## श्री प्रवीण शर्मा को बड़वाह शहर एवं शोभाग पटेल को बेडिया उपब्लॉक की सौपी कमान



**बड़वाह -नवरत्नमल जैन**

**मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने वाले है। इसी के मद्देनजर अब कांग्रेस एवं भाजपा दोनो ही दलों ने अपनी चुनावी बिछात बिछाना प्रारंभ कर दिया है। खरगोन जिले की सभी सीटें खासतौर पर बड़वाह विधानसभा सीट कांग्रेस एवं भाजपा के लिये प्रतिष्ठा का सवाल बन चुकी है। एक ओर कांग्रेंस के टिकिट पर अब तक की सबसे बडी एवं ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बावजूद विधायक श्री सचिन बिरला ने जहां कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थामा और अब भाजपा के टिकिट पर चुनाव लड़ने की तैयारी जोर शोर से प्रारंभ करदी है वहीं कांग्रेस भी अब इस सीट पर सचिन बिरला के खिलाफ तगडी घेराबंदी कर उनके द्वारा पार्टी के साथ की गई बेवफाई का बदला लेकर सीट वापस कांग्रेस के कब्जे में लाने की रणनीति बनाने में लग चुकी है**

**इसी क्रम में भाजपा के स्वघोषित विधायक श्री सचिन बिरला विकास यात्राओं के माध्यम से जनता के बीच जाकर न केवल उनकी शिकायतों को सुन रहे है बल्कि प्रशासन के माध्यम से उनका निराकरण कर लोगों की नाराजगी को दूर करने का प्रयास भी कर रहे है। उनका मानना है कि चुनाव आने तक वे लोगों की सभी शिकायतों को दूर कर भाजपा के पक्ष में माहोल खडा करने में कामयाब हो जायेगें और इस बार भाजपा के टिकिट पर जीत अर्जित कर फिर से विधायक बनेगें।**

### कांग्रेस की खास रणनीति-

### सचिन को जीत दिलाने वालों को ही अब सचिन को हराने के लिये सौपी संगठन की कमान.....



कांग्रेस ने कुछ समय पूर्व अपनी अंदरूनी राजनीति के चलते बड़वाह कांग्रेस संगठन की कमान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव समर्थकों से छीनकर सुश्री विजयलक्ष्मी साधौ समर्थकों को सौप दी थी। इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की बात करे तो 90 प्रतिशत कार्यकर्ता एवं नेता श्री अरूण यादव से जुडे है। ऐसे में अपने नेता की उपेक्षा से नाराज यादव समर्थकों की सक्रीयता कम नजर आरही थी और पार्टी संगठन बेहद कमजोर नजर आने लगा था।

लेकिन कहा जाता है कि राजनीति में कब किसका सूर्योदय हो जाये और कब कौन अस्त हो जाए कहा नही जा सकता। कुछ ही महिनों में अब प्रदेश कांग्रेस ने अपनी गलती सुधारी और एक बार फिर संगठन की कमान पूरी तरह श्री यादव समर्थक नेताओं के हाथों में सौपकर 2023 में जीत की जवाबदारी देदी है। संगठन की नई नियुक्तियों के अनुसार 11 वर्षो तक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रहे श्री डोंगर सिंह खंडाला के त्यागपत्र देने के बाद अब उनके स्थान पर उनके ही विश्वसनीय साथी एवं अब तक कंधे से कंधा मिलाकर संगठन का काम करने वाले युवा, उर्जावान, समाज सेवी कांग्रेस नेता श्री नीलेश रोकड़िया को बडवाह ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है। वहीं सनावद में कांग्रेस के पूर्व दिग्गज नेता स्व. श्री इंदरचंद जी चौधरी के सुपुत्र एवं नगरपालिका सनावद में उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री आशीष चौधरी को सनावद ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही सुश्री साधौ समर्थक श्री विमल बरडिया के स्थान पर अब बड़वाह शहर कांग्रेस की कमान श्री यादव समर्थक श्री प्रवीण शर्मा तथा बेडिया को उपब्लॉक बनाकर युवा कांग्रेस नेता श्री सोभाग पटेल को बेडिया उपब्लॉक का अध्यक्ष बना दिया गया है।

### सचिनबिरला की जीत में सबसे सफल रणनीतिकार रहे नीलेश रोकड़िया एवं आशीष चौधरी पर अब सचिन बिरला को मात देने की जिम्मेदारी-

### प्रवीण शर्मा एवं सोभाग पटेल रोकेंगें श्री सचिन बिरला का विजय रथ...

श्री नीलेश रोकड़िया को ब्लॉक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाये जाने से जहां कांग्रेस में एक नई उर्जा का संचार हुआ है वहीं पुराने कांग्रेस नेताओं, परिवारों तथा युवक कांग्रेस में उत्साह का जबरजस्त संचार हुआ है। आपको बतादे कि 2018 के चुनाव में श्री सचिन बिरला के चुनाव की अचूक रणनीति बनाकर उन्हे जीत तक लेजाने में श्री नीलेश रोकडिया का बहुत बडा योगदान था। इस टीम के सफल योद्धाओं में श्री डोंगर सिंह खंडाला, प्रवीण शर्मा, कृष्ण गोपाल दांगी के साथ ही सनावद में श्री नरेन्द्र पटेल, आशीष चोधरी, इन्दर बिरला एव सोभाग पटेल जैसे अनेक नेताओं एवं युवक कांग्रेस की मजबूत टीम का महत्वपूर्ण योगदान था।

उस समय श्री नीलेश रोकड़िया को श्री सचिन बिरला का प्रमुख सारथी एवं सबसे विश्वसनीय साथी माना जाता था। इस जोडी ने कोराना काल में बड़वाह, सनावद, बेडिया में आक्सीजन प्लांट सहित अनेक सौगातों से क्षेत्र को नवाजा लेकिन इसी बीच विधायक श्री सचिन बिरला अचानक कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गये। उनके साथ सेकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया लेकिन उनके इन सबसे विश्वसनीय साथियों में किसी ने भी कांग्रेस का साथ नही छोड़ा।

यही कारण है कि प्रदेश संगठन ने अब 2023 के चुनाव में श्री सचिन बिरला के विजयरथ को रोकने की जवाबदारी भी उनके ही कभी सबसे विश्वासनीय रहे साथियों को ही सौप कर बडा दाव खेल दिया है। कभी उनके सबसे खास साथी लेकिन कांग्रेस के प्रति पूर्ण वफादार रहे श्री नीलेश रोकड़िया को बड़वाह ब्लाक अध्यक्ष एवं पुराने राजनीतिज्ञ श्री प्रवीण शर्मा को शहर कांग्रेस का अध्यक्ष बनादिया है। इसके साथ ही श्री सचिन बिरला के चुनाव में सनावद कार्यालय की कमान सम्हालने वाले श्री आशीष चौधरी को सनावद ब्लॉक का अध्यक्ष तथा सचिन बिरला के खास साथी रहे सजाति श्री सोभागपटेल को बेडिया में नया उपब्लॉक बनाकर वहां का अध्यक्ष बना दिया है। ऐसे में अब सचिन बिरला को अपने ही खास साथियों का चुनावों में सामना करना पडेगा।

### संगठन में यह बडा बदलाव टिकिट की प्रतिद्वंदिता कम करने का भी प्रयास...

बड़वाह विधानसभा सीट पर कांग्रेस का टिकिट मांगने वालों की फेरहिस्त काफी लम्बी है। जिनमें प्रमुख दावेदार माने जाने वाले श्री नरेन्द्र पटेल के साथ ही युवाओं के दिलो की धड़कन युवा नेता श्री नीलेश रोकडिया, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं वरिष्ठों में विश्वसनीय श्री अशोक जैन, बडवाह क्षेत्र की फिजाओं में जमीनी स्तर पर पकड़ बनाकर उंची उडान लेने के लिये प्रयास रत श्री तिलोक राठोड़, गुर्जर समाज से ही लोकप्रिय श्री सोहन शाह एवं सोभाग पटेल का नाम प्रमुख है। उपरोक्त सभी दावेदार अपने अपने स्तर पर टिकिट की तैयारियों एवं उच्च स्तर पर टिकिट की जुगाड में लगे है।

प्रदेश संगठन के इस निर्णय को कहीं ना कही टिकिट की प्रतिद्वंदिता कम करने की कोशिश मानी जारही है। विधानसभा टिकिट के प्रबल एवं लोकप्रिय दावेदारों में शुमार श्री नीलेश रोकड़िया को अब संगठन की कमान देकर संकेत दिया गया है कि उन्हे पूरे क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाना है और अपनी कारगर रणनीति से कभी अपने ही सबसे खास साथी रहे श्री सचिन बिरला के सामने कांग्रेस को जीत दिलवाना है। तो दूसरी ओर टिकिट के एक ओर दावेदार श्री सोभाग पटेल को बेडिया उप ब्लाक का अध्यक्ष बनाकर संगठन में मजबूती से काम करने का टास्क दे दे दिया गया है।

इस तरह देखा जाये तो पार्टी ने दो दावेदारों को संगठन की कमान सौपकर उन्हे विशेष जिम्मेदारी से नवाज दिया गया है। लेकिन इसका मतलब यह नही है कि इन दोनों ने टिकिट को लेकर अपनी दावेदारी छोड दी हो।यदि सामान्य वर्ग में से पार्टी ने अवसर दिया तो नीलेश रोकडिया अब भी प्रमुख दावेदारों की लिस्ट में माने जारहे है। अब बाकी के दावेदारों श्री नरेन्द्र पटेल, श्री अशोक जैन, श्री त्रिलोक राठोड एवं श्री सोहनशाह में से किसे टिकिट देते है और बाकी को क्या जवादारी मिलती है ये देखने वाली बात होगी। क्यो कि जब तक कांग्रेस घोषित प्रत्याशी के पक्ष में एकजुट नही होगी तक विजय लक्ष्य पाना मुश्किल ही नही नामुमकिन होगा।

### सामान्य वर्ग को भी साधने एवं खुश करने की कोशिश-



संगठन में ताजा नियुक्तियों का एक गहन संकेत उन लोगो की नाराजगी को दूर करना भी है जो मानते है कि सामान्य सीट होते हुये भी लगातार इस सीट पर कई दशकों से समान्य वर्ग के बजाय आरक्षित वर्ग के लोगो को टिकिट देकर समान्य वर्ग का हक मारा जारहा है। ऐसे में इस बार अन्दर ही अन्दर कांग्रेस एवं आम लोगों में यही भावना है कि इस बार समान्य वर्ग के उम्मीदवार को अवसर दिया जाये और वो भी बडवाह क्षेत्र से। क्यो कि पिछले दो दशकों से कांग्रेस का टिकिट नदी के उस पार ही दिया जारहा है लेकिन फिर भी चार चुनावों में से सचिन बिरला के रूप में केवल एक ही चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार जीत पाई।

इसी नाराजगी को दूर करने की कोशिश में प्रदेश संगठन ने संभवत समान्य वर्ग से आने वाले श्री नीलेश रोकड़िया, आशीष चौधरी, प्रवीण शर्मा को संगठन में बडी जिम्मेदारी सौपी है। यह भी साफ संकेत है कि अब उन्हे किंग के बजाय किंग मेकर बनकर पार्टी में खास भूमिका निभानी है और सामान्य वर्ग की नाराजगी को दूर कर लोगों को पार्टी से जोडना है

### जो सामान्य वर्ग को साधने में सफल हुआ जीत उसी की होगी...

सामान्यतया यह माना जारहा है इस बार के चुनाव में भाजपा एवं कांग्रेस दोनों से ही गुर्जर समाज का उम्मीदवार होगा ऐसे में गुर्जर समाज का संगठित वोट जो कांग्रेस का समर्थक माना जाता है दो भागों में बट जायेगा जिसका नुकसान दोनो को होगा। ऐसे में दोनों ही दलों को यदि चुनाव जीतना है तो सामान्य वर्ग को साधकर खुश करना ही होगा। जिसके साथ सामन्य वर्ग का समर्थन होगा जीत उसी की होगी।

यही कारण है कि प्रदेश कांग्रेस ने संगठन की कमान दोनों ही ब्लाकों में समान्य वर्ग के प्रमुख लोकप्रिय एवं संगठन क्षमता वाले नेताओं श्री नीलेश रोकड़िया एवं आशीश चौधरी तथा बड़वाह शहर कांग्रेस की कमान रणनीतिकार श्री प्रवीण शर्मा को सौपी गई।



### नवनियुक्त नेताओं ने माना वरिष्ठों का आभार -कहा संगठन को मजबूतकर 2023 का चुनाव जीतना हमारा लक्ष्य

नवनियुक्त बड़वाह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकड़िया, सनावद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा एवं बेडिया उपब्लाक अध्यक्ष श्री सोभाग पटेल ने इस नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी,पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण यादव जी, पूर्व सासंद श्री ताराचंद जी पटेल, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री कुलदीपसिंह जी भाटिया, खरगोन विधायक श्री रवि जोशी जी,प्रदेश महामंत्री श्री नरेन्द्र पटेल एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रवि नायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुये विश्वास दिलाया कि हमारा प्रयास होगा कि बड़वाह विधानसभा में कांग्रेस का मजबूत संगठन खडा कर 2023 के चुनाव में कांग्रेस को बडी जीत दिलवा सके।

श्री सचिन बिरला के भाजपा में जाने के बाद हमारे सामने कांग्रेस को पुनः संगठित कर मजबूती में लाना है जिससे हम इस सीट पर वापस जीत अर्जित कर सके। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की ओर आयाा भरी नजर से देख रही है आश्वयक्ता है बस कांग्रेस को एकजुटता के साथ चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने की और हमे विश्वास है कि हम हमारे समर्पित कार्यकताओं के साथ मिलकर पुन जीत अर्जित करेगें।

### नई नियुक्तियों से कांग्रेस में उत्साह का माहोल-

**पूर्व सासंद श्री ताराचंद जी पटेल ने बड़वाह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकड़िया, सनावद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा एवं बेडिया उपब्लाक अध्यक्ष श्री सोभाग पटेल को नियुक्ति पर बधाई देते हुये कहा कि आप सभी के सामने अब फिर से कांग्रेस को मजबूत करने तथा आने वाले विधानसभा चुनावों में जीत अर्जित करने की जिम्मेदारी है और मुझे विश्वास है कि आप सभी की संगठन क्षमता से कांग्रेस अपने विजयी लक्ष्य को जरूर हांसिल करेगी।**

**जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह भाटिया ने सभी को बधाई देते हुये कहा कि श्री नीलेश रोकड़िया मधुर स्वभाव के धनी एवं संगठन क्षमता वाले युवा नेता है। मुझे आशा है कि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकड़िया एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा जी सभी को साथ लेकर कांग्रेस को न केवल मजबूत, सक्रीय एवं चुस्त बनायेगें बल्कि 2023 मे कांग्रेस को जीत दिलवाकर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना योगदान देगें।**

**पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री डोंगर सिंह खंडाला ने कहा कि प्रदेश संगठन ने श्री नीलेश रोकडिया को ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस में नई जान फूंकने का काम किया है। मेरे साथ सतत रूप से संगठन को मजबूत करने में श्री नीलेश रोकड़िया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हम सब उनके साथ कंधे सं कंधा मिलाकर काम करेगे।**

**बडवाह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकड़िया, सनावद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा एवं बेड़िया उपब्लाक अध्यक्ष श्री सोभाग पटेल को नियुक्ति पर बधाई देने वालों मे श्री बाबूलाल जी जैन, श्री राणा राजेन्द्र सिंह जी,श्री रमिन्दर सिंह भाटिया, श्री प्रसून दस्साणी, श्री धीसु पटेल,श्री ईश्वरचंद दस्साणी, श्री तिलोक राठोड, श्री विमल बरडिया,श्री विष्णुवर्मा ,आशाराम ठाकुर, सोहन शाह,श्री अनिलराय, श्री गुड्डु रावत ,शहजाद खान, सुनील चोधरी,अनिल कानूनगों ,बद्री जायसवाल,युवक कांग्रेस के तरबेज खान, श्री दिव्यराज वास्कले, श्री श्री अजहर तंवर, आदि ने बधाईयां दी है।**